(1)	(2)	(3)
3	Shri S. M. Chakravarty	Central Government
4	Shri A. P. Maheshwary	Do.
5	Shri B. K Ghose	State Bank of India
6	Shri K. S. T. Pani	Do.
7	Shri S. G. Subrahmanyan	Life Insurance Corporation
8	Shri N. Khaitan	Shareholder
9	Shri B. K. Shroff	Do.
10	Shri N. Nagaraj	Do.

NOTE :— The maximum number of Directors as provided for in the Articles of Association is 12.

आकाशवाणी, गोरखपुर के अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें

5135. **श्री फिरंगी प्रसाद** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1977 से जून, 1978 की अवधि के दौरान आकाशवाणी पर कार्यक्रमों को देने के मामले में संसद् सदस्यों और सामान्य जनता से उत्तर प्रदेश में आकाशवाणी गोरखपुर के कितने अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं ; और

(ख) उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) जी, तीन।

(ख) प्राप्त शिकायतें जांच के प्रारम्भिक चरण में हैं, अतः फिलहाल कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है ?

उत्तर प्रदेश के जिलों को पिछड़ा हुआ घोषित किया जाना

5136. **श्री रुद्र सेन चौधरी** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के कतिपय जिलों को पिछड़ा हुआ घोषित किया है;

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं; और

(ग) वहां पर पिछड़े घोषित किए गये जिलों के विकास के लिए सरकार ने क्या योजना अपनायी है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) से (ग). उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र इस समय निम्नलिखित कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत आते हैं :—

1. निवेश सहायता की केन्द्रीय स्कीम।

2. वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय सहायता दिये जाने की स्कीम।

3. परिवहन सहायता की केन्द्रीय स्कीम।

4. पहाड़ी क्षेत्र विकास कार्यक्रम।